**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**27.09.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे**

**जीएसटी– स्वास्थ्य सेवा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव, जो इस महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ, समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दर कम करके नागरिकों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट––

--------------------------------------------------------

**मुकेश अग्निहोत्री**

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश में पिछले तीन वर्ष में प्राकृतिक आपदा से जल शक्ति विभाग की 46 हजार 917 जगह स्कीमें खराब हुई जिसमें विभाग को 4 हजार 150 करोड़ का नुकसान हुआ है। कल राज्य सचिवालय में अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि 424 करोड़ रुपए मेनटेनेंस के लिए वित्त विभाग से मांगे गए हैं और एक हजार 227 करोड़ जल जीवन मिशन के अर्न्तगत सरकार से मिलना है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में अब किसी भी कर्मचारी की ठेकेदारों के माध्यम से भर्तियां नहीं होंगी। उन्होंने कहा कि विभाग में 4 हजार 858 पदों पर भर्ती की जाएगी। बैठक में करुणामूल्क आधार पर 505 प्रस्तावों को भी मंजूर किया गया।

--------------------------------------------------------

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 28 सितम्बर को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क और आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा।

--------------------------------------------------------

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि आपदा के दौरान सड़कों को हुए नुकसान का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सोलन में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अवैध डंपिंग करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

**नवरात्र**

शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में इन दिनों मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि स्कन्दमाता भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, श्री नयनादेवी  और ब्रजेश्वरी देवी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। राजधानी शिमला के तारादेवी, कालीबाढ़ी व ढींगू माता मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शीश नवा रहे हैं।

---